कार्यालय प्राचार्य, विष्णुचरण गुप्ता शासकीय महाविद्यालय
पुसौर जिला-रायगढ़ (छ.ग.)

Email: newgovtcollegepusaur@gmail.com

पुसौर, दिनांक 24/02/2020

भारत में महिला सशक्तिकरण-मिथ्या या यथार्थ विषय पर राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन सम्पन्न

आज दिनांक 24/02/2020 दिन सोमवार को वि.च.गु. शासकीय महाविद्यालय पुसौर में **"भारत में महिला सशक्तिकरण-मिथ्या या यथार्थ"** विषय पर राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम सह-संयोजक श्री श्रीबच्छ भोय द्वारा किया गया। इस सेमीनार के प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता कि. शा. कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़ से श्री डॉ. अंजनी कुमार तिवारी प्राचार्य, डॉ. प्रीतिबाला बैस विभागाध्यक्ष (राजनीति शास्त्र), डॉ. प्रीति षड़ंगी सहायक प्राध्यापक (अंग्रेजी), डॉ. श्रीमती मीना श्रीवास्तव विभागाध्यक्ष (इतिहास) ग्वालियर विश्वविद्यालय म.प्र., प्रो. शैलेष मिश्रा सहायक प्राध्यापक (अंग्रेजी) शासकीय महाविद्यालय पाटन, एवं द्वितीय सत्र (तकनीकि सत्र) में डॉ. प्यारेलाल आदिले प्राचार्य, जेबीसी कला एवं विज्ञान महाविद्यालय कटघोरा, डॉ. बी. के. पटेल प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय नवागढ़, डॉ. पी. डी. देवांगन प्राचार्य अशोका पब्लिक स्कूल सारंगढ़, डॉ. गोमती सिंह प्राचार्य उत्तम मेमारियल महाविद्यालय पटेलपाली थे। उन्होंने अपने व्यक्तव्यों के माध्यम से बताया कि भारत में महिलाओं के पिछड़ेपन का प्रमुख कारण स्वयं महिलाओं की सोंच है। पूर्व प्रथाओं के अनुसार लड़की परायाधन होती है, लड़की की शादी होने के बाद उसे सास-श्वसुर, पति, बच्चों की सेवा करना है। यही कार्य जीवन पर्यंत करना है। इसके आगे वे सोंचते भी नहीं हैं। अब महिलाओं को पूरी स्वतंत्रता देने की आवश्यकता है ये उनका जन्मसिद्ध अधिकार है। महिलाओं को भी पूर्व धारणाओं को बदलने की जरूरत है कि वे कमजोर हैं, घर की गृहणी के अलावा कुछ नहीं कर सकती, इसके बजाय ये सोचने की जरूरत है वे पुरूषों से अधिक शक्तिवान हैं, वे पुरूषों से बेहतर कर सकती हैं। कई सशक्त महिलाओं के उदाहरण से इनकी शक्ति को अनुभव कराया गया। कार्यक्रम के अंत में श्री हरिहर प्रसाद चौहान सहायक प्राध्यापक (इतिहास) द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर श्री सुशील कुमार भोय अध्यक्ष जनपद पंचायत पुसौर, श्री रीतेश थवाईत अध्यक्ष नगर पंचायत पुसौर विशेष अतिथि उपस्थित थे तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.एल.सोनवाने, नोडल अधिकारी डॉ. सरोज कुमार, कार्यक्रम संयोजक डॉ. रोहिणी आर्या वर्मा, श्री विजय कुमार कांटे, श्री जयनारायण नायक, रमेश कुमार साहू, डॉ. सावित्री अग्रवाल, कु. अंतिमा प्रधान, कु. गरिमा जोशी एवं महाविद्यालय के अन्य स्टाफ उपस्थित थे। इस सेमीनार का आयोजन सांस्कृतिक भवन दर्राखार पुसौर में सम्पन्न किया गया, जिसमें 60 से अधिक प्राध्यापक/सहा.प्राध्यापक एवं 200 से अधिक विद्यार्थियों की उपस्थिति दर्ज की गई।

PRINCIPAL
VISHNUCHARAN GUPTA
Govt.College Pussore
District- Raigarh (C.G.)

प्राचार्य
वि.च.गु. शास. महाविद्यालय पुसौर
जिला-रायगढ़ (छ.ग.)